उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001

हेल्पलाइन नम्बर : 8400955546, +91–9151024463

Website:www.upsmfac.org Email:upmedicalfaculty@upsmfac.org

पत्रांक संख्या–1030/24 दिनांक 09.02.24

सेवा में,

समस्त नर्सिंग/पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्र
(शासकीय एवं निजी क्षेत्र)
उत्तर प्रदेश।

विषय–नर्सिंग/पैरामेडिकल क्षेत्रों में कैरियर के अवसरों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए शासकीय एवं निजी स्कूलों में कैरियर परामर्श सत्र् आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के पत्र संख्या–9254/23 दिनांक 10.11.2023 के क्रम में आपको पुनः अवगत कराना है, कि नर्सिंग/पैरामेडिकल क्षेत्रों में कैरियर के अवसरों से प्रदेश के छात्र/छात्राओं को जागरूक करने हेतु कैरियर काउंसलिंग का कार्य इस सत्र् में भी प्रारम्भ किया जा रहा है। पिछले वर्ष ही 2500+ सत्रों के माध्यम से 3.5+ लाख छात्रों को नर्सिंग/पैरामेडिकल क्षेत्रों में कैरियर के अवसरों के बारे में जागरूक किया जा चुका है।

कैरियर परामर्श सत्र् को शुरू करने एवं संस्थानों की सुविधा के लिए शासकीय एवं निजी दोनों क्षेत्रों के स्कूलों को संबंधित संस्थानों से मैप किया है। मैपिंग शीट को निम्नलिखित लिंक के माध्यम से देखी जा सकती है।

- निजी स्कूल मैपिंग https://bit.ly/PrivateSchoolMapping
- शासकीय स्कूल मैपिंग https://bit.ly/GovernmentSchoolMapping

इसके अतिरिक्त समस्त संस्थानों से अनुरोध है कि निम्नलिखित लिंक https://bit.ly/attendee-students से स्कूलों के प्राचार्यों को अवगत कराने का प्रयास करें, ताकि वे इस लिंक को अपने छात्र/छात्राओं तक प्रसारित करें एवं स्कूली छात्र/छात्राओं से परामर्श सत्रों पर उनके प्रतिक्रिया जानने में कारगर सिद्ध होगी।

परामर्श सत्रों के संचालन के लिए तैयार किया गया एक विडियो इस लिंक https://bit.ly/counselling-collaterals पर उपलब्ध है। जिसें वी0सी0 में सम्मिलित छात्र/छात्राओं को दिखाया जा सकता है।

समस्त संस्थानों को दिनांक **29 फरवरी, 2024** तक संबंधित स्कूलों में कैरियर काउंसलिंग सत्र् आयोजित करने का निर्देश दिया जाता है। प्रत्येक सत्र् के बाद फीडबैक फार्म निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध है– https://bit.ly/counsellor-feedback

भवदीय,

सचिव,
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।